an>

Title: Need to reopen Hathua sugar mill, Mirganj in Gopalganj Parliamentary Constituency, Bihar - Laid.

श्री जनक राम (गोपालगंज): मेरे संसदीय क्षेत्र गोपालगंज में बंद पड़ी (हथुआ) मीरगंज चीनी मिल के जीर्णोद्धार एवं चालू करने संबंधी विषय को उठाना चाहता हूं । गोपालगंज कृषि प्रधान जिलों में से है । यहां गन्ने की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है । किसानों की आय का मुख्य आधार गन्ना ही है लेकिन जिले के दूसरे बड़े शहर मीरगंज (हथुआ) में चीनी मिल वर्षों से बंद पड़ी हुई है । चीनी मिल के बंद होने से जहां एक तरफ हजारों कर्मचारी बेरोजगार हो गए और उनके परिवार भुखमरी के कगार पर हैं, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति होती है, वहीं दूसरी तरफ इस इलाके के किसान अपने गन्ना की फसल को लेकर परेशान रहते हैं । उन्हें अपना गन्ना पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश की चीनी मिल में भेजना पड़ता है । पूर्ववर्ती सरकार की गलत औद्योगिक नीतियों के चलते चीनी मिल बंद हुई है । मैं अनुरोध करता हूं कि चीनी मिल में श्रमिकों को बकाया एवं गन्ना किसानों का बकाया राशि देने का आदेश दिया जाये । काफी संख्या में लोग गन्ने की खेती छोड़ने पर मजबूर हो रहे हैं । बंद पड़ी हुई हथुआ चीनी मिल के चालू होने से इस क्षेत्र से आर्थिक संकट दूर किया जा सकता है तथा भारी संख्या में हो रहे पलायन को रोका जा सकता है । साथ ही बेरोजगारों को रोजगार का अवसर भी प्रदान होगा ।

आदरणीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि जल्द से जल्द हथुआ चीनी मिल को चालू कराने एवं मजदूरों की बकाया मजदूरी राज्य सरकार से दिलवाने की कृपा करें ।